Published in Prabhat Khabar on 8th November 2020

डीजी ऑडिट ने किया बीएसएल का दौरा, उत्पादन प्रक्रिया से हुए अवगत

प्लांट भ्रमण के दौरान डाइरेक्टर जेनरल ऑडिट (स्टील) व अन्य. फोटो। प्रभात खबर

- **बीएसएल अधिकारियों के साथ की बैठक**
- **सेल की एसआरयू के अधिकारियों के साथ अलग से बैठक कर उनसे जानकारी ली**

वरीय संवाददाता, बोकारो

डाइरेक्टर जेनरल (स्टील) एपी चोफी ने शनिवार को बोकारो स्टील प्लांट का दौरा किया. दौरे के क्रम में श्री चोफी शुक्रवार की शाम बोकारो पहुचे. बीएसएल के वरीय अधिकारियों ने उनका स्वागत किया. शनिवार को पूर्वाह्न श्री चोफी ने सर्वप्रथम बीएसएल के निदेशक प्रभारी अमरेंदु प्रकाश से उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकत की. उसके बाद इस्पात भवन में आयोजित एक बैठक में शामिल हुए. बैठक में बीएसएल के निदेशक प्रभारी सहित निदेशक प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) डॉ एके सिंह, अधिशासी निदेशक (परियोजनाएं) व अतिरिक्त प्रभार (कार्मिक एवं प्रशासन) आर कुशवाहा, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) वीके पांडेय, अधिशासी निदेशक(वित्त एवं लेखा) डीके साहा व अधिशासी निदेशक (संकार्य) अतनु भौमिक, रेसिडेंट ऑडिट बोकारो के अधिकारी व अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे. बैठक के दौरान एक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से श्री चोफी को बीएसएल की उत्पादन प्रक्रिया, उत्पादन क्षमता व अन्य पहलुओं से भी अवगत कराया गया. अन्य मुद्दों पर चर्चा की गयी. इसके बाद श्री चोफी ने इस्पात भवन स्थित मॉडल कक्ष में संयंत्र के ले-आउट का अवलोकन किया.

उसके बाद संयंत्र की प्रमुख इकाइयों जैसे ब्लास्ट फर्नेस-2, सीसीएस, सीआरएम-3 व बीपीएससीएल का भ्रमण किया. दोपहर बाद श्री चोफी बोकारो इकाई के रेसिडेंट ऑडिट के अधिकारियों के साथ बैठक करने के बाद सेल के एसआरयू के अधिकारियों के साथ अलग से बैठक कर उनसे जानकारी ली.